## ऑनलाइन ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**हिण्डौन सिटी ।** कोतवाली थाना पुलिस ने ऑनलाइन ठगी के मामले में 3 साल से फरार चल रहे 25 हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी फेसबुक आईडी हैक कर लोगों से रुपए ठग चुका है।

■ **पुलिस ने घोषित किया था 25 हजार का इनाम**

थाना प्रभारी हरलाल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी थाना बालाघाट के कंजौली निवासी लोकेश गुर्जर है। आरोपी को हिंडौन के रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने ऑनलाइन ठगी के कई वारदातों के बारे में भी पुलिस को जानकारी दी है। इससे पूर्व कोतवाली पुलिस 3 आरोपियों को भरतपुर के सीकरी निवासी जुबेर खान, उमर खान व कंजौली निवासी जीवन को गिरफ्तार कर चुकी है। जिनके कब्जे से कई एटीएम कार्ड बरामद हुए। मामले में 2 अभी दो आरोपी कंजौली निवासी भूरसिंह गुर्जर और भूपेंद्र फरार हैं। इन दोनों पर 25-25 हजार का इनाम घोषित है।

आरोपी ठगी में किसी भी व्यक्ति की फेसबुक आईडी हैक कर दुर्घटना या बीमारी के नाम पर रुपयों की मांग करते थे। वहीं एटीएम पर मशीन हैक कर कार्ड बदलकर ठगी करते थे।

# प्रेमी से शादी करने की जिद को लेकर टावर पर चढ़ी युवती

## ढाई घँटे की कड़ी मशक्कत के बाद नीचे उतरी



प्रेमी से शादी करने की जिद पर एक युवती टावर पर चढ़ गई जिसे काफी मशक्कत से उतारा।

**धौलपुर।** धौलपुर शहर के निहालगंज थाना इलाके में रीको एरिया में मसूदपुर गांव के पास मंगलवार सुबह करीब साढ़े 9 बजे एक युवती टावर पर चढ़ गई। जिससे मौके पर लोगो की काफी भीड़ एकत्रित हो गई। वहीं अधिकारियों के पसीने छूटते रहे। करीब ढाई घँटे की समझाइश एवं कड़ी मशक्कत के बाद युवती टावर से नीचे उतरी। जिसे पुलिस ने शांतिभंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि युवती अपने प्रेमी से शादी करना चाहती है। लेकिन परिजन इसके लिए राजी नहीं हैं। जिसे लेकर वह परिजनों पर दबाब बनाने के लिए टावर पर चढ़ गई।

कैला देवी मेले से गायब हो गई थी युवती जानकारी के अनुसार 20 वर्षीय वर्षा पुत्री डरेलाल पुजारी निवासी लुहारी शमशाबाद जिला आगरा 2 अप्रेल को अपनी मां और ग्रामीणों के दल के साथ पैदल- पैदल केला देवी मैया के दर्शन करने करौली गई थी। जहां से वह 7 अप्रेल को अचानक गायब हो गई। जिसकी सूचना माँ ने परिजनों को दी। जिस पर परिजन भी केला देवी पहुंच गए। जहां 2 दिन तक युवती की तलाश की। लेकिन कोई पता नहीं लग सका। इस पर हार मानकर व परेशान होकर परिजन घर आ गए। मंगलवार सुबह करीब 9:30 बजे परिजनों को पुलिस से सूचना मिली कि उनकी बेटी धौलपुर में एक टावर पर चढ़ गई है। वहीं मामले की सूचना मिलते ही धौलपुर एसडीएम डॉक्टर साधना शर्मा, तहसीलदार धर्म सिंह, निहालगंज थाना प्रभारी बृजेंद्र सिंह मय पुलिस जाप्ता के मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने युवती को माइक के द्वारा काफी समझाने और नीचे उतारने की कोशिश की। लेकिन वह नीचे नहीं उतरी और उसने परिजनों को मौके पर बुलाने की बात कही। इस पर पुलिस ने परिजनो को भी मौके पर बुला लिया। जिनके मौके ओर आने और समझाने के बावजूद भी युवती नीचे नहीं उतरी। इसके बाद युवती ने प्रशासन के सामने शर्त रखी कि परिजनों को मौके से घर भेज दो, उसके बाद नीचे उतर आऊंगी और परिजनों के साथ नहीं जाऊंगी।

इसके बाद पुलिस ने परिजनों को मौके से हटाते हुए युवती को उसकी इच्छा मुताबिक स्थान पर भेजने का भरोसा दिलाया, तब कहीं करीब ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद युवती टावर से नीचे उतरी। इसके बाद पुलिस ने शांति भंग करने के आरोप में युवती को गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद युवती की काउंसलिंग की गई और उसे समझाया गया। जिस पर वह परिजनों के साथ जाने को राजी हो गई। वहीं पुलिस ने युवती को एसडीएम के समक्ष पेश किया। जहां एसडीएम ने जमानत देते हुए युवती को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। एसडीम डॉक्टर साधना शर्मा ने बताया कि युवती एक युवक से प्रेम करती है, जो उसका रिश्तेदार है, और उसी से वह शादी करना चाहती है।

## सार-समाचार

### मतदान का संदेश दिया



**धौलपुर ।** जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी ने दीपों की आभा के बीच मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला। गौरतलब है कि 19 अप्रैल को लोकतंत्र के पर्व यानि मतदान से पूर्व प्रकाश पर्व मनाया गया। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार सतरंगी सप्ताह के अंतर्गत सातवें दिन गांधी पार्क परिसर में मौजूद राजीविका महिलाओं एवं कॉलेज व स्कूली छात्राओं ने दीपदान करके सतरंगी सप्ताह के अंतिम दिन आमजन को प्रेरित करने के लिए दीपदान के माध्यम से मतदान का संदेश दिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान की शपथ दिलाई कि हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे। स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जिले में लोकसभा आम चुनाव के लिए माकूल इंतजामात किए गए है। महिलाओं, दिव्यांगजन एवं बुजुर्ग मतदाताओं के लिए प्रत्येक मतदान बूथ पर विशेष व्यवस्था की गई है। उन्होंने मतदाता जागरूकता दीपदान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब के लिए बड़े गौरव की बात है कि संपूर्ण विश्व में भारत के लोकतंत्र की चर्चा होती है। उन्होंने कहा कि जिम्मेदार नागरिक होने के नाते यह हम सभी का कर्तव्य है कि अपनी जिम्मेदारियों का भली प्रकार से निर्वहन करते हुए लोकतंत्र को सशक्त बनायें। सभी अर्ह नागरिकों को अपना मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन को पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराए जाने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता की अलख घर-घर जगाने के लिए आप सभी मतदान हेतु आमजन को प्रेरित करें। उन्होंने सतरंगी सप्ताह के दीपदान कार्यक्रम की सफलता पूर्वक कराये जाने पर महिलाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और मतदान करने के लिए जिले वासियों से अपील की। जिला स्वीप कोर्डिनेटर डीडी आईसीडीएस भूपेश गर्ग ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए लोकतंत्र के महापर्व निर्वाचन में मतदान करके अपना फर्ज निभाना होगा, क्योंकि युवा पीढ़ी के हाथों में ही देश का भविष्य है। इस अवसर पर सीडीईओ कृष्णा कुमारी,जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक महेश कुमार मंगल, राजीविका महिलाओं सहित स्कूली एवं कॉलेज की छात्राएं उपस्थित रहीं।

### सौ फीसदी मतदान की अपील

**धौलपुर ।** जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी ने स्वीप अभियान के तहत एक और नया नवाचार किया। जिला कलेक्टर निवास पर नव मतदाता के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं से मतदान संबंधित शंकाओं पर चर्चा की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान की अपील करते हुए लोकतंत्र के महापर्व में भागीदार बनने के लिए 19 अप्रैल को मतदान करने का आ ान किया। फेसबुक लाइव संवाद कार्यक्रम में पहली बार वोट डालने वाले नवीन मतदाताओं से रूबरू होकर मतदान संबंधित शंका समाधान किए एवं फेसबुक लाइव संवाद पेज से भी सैकड़ों लोगों ने जुडकर मतदान संबंधित जानकारी प्राप्त की।

### शोभायात्रा के पोस्टर विमोचन

**भरतपुर** (निस)। श्री राम जन्मोत्सव शोभायात्रा समिति द्वारा 17 अप्रैल को आयोजित होने वाले रामनवमी शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर नरेश खंडेलवाल ने बताया कि सेवा बस्तियों में बैठके हुई। बैठकों में कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपते हुए रामनवमी शोभायात्रा को विराट एवं भव्य तरीके से मनाने को संकल्प दिलाया गया वही कोली बस्ती सेवर में रामोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। इस अवसर पर विभागसंघ चालक माननीय भागीरथ सिंह का पाथेय मिला। वही जसवंत नगर में प्रिय सखी संगठन द्वारा पोस्टर विमोचन हुआ। वही राधानगर बस्ती से रानीलक्ष्मीबाई संस्कारशाला में रामोत्सब का कार्यक्रम मनाया गया। इस अवसर पर बस्ती बासियो को 17 अप्रैल को होनेवाली श्रीराम शोभायात्रा में शामिल होने का निमंत्रण दिया। जिसमें कुसुम रावत, शीला खंडेलवाल, पिंकी, रेखा, प्रवीणा, आदि महिलाओं ने भाग लिया।

### स्वागत सम्मान किया

**भरतपुर** (निस)। मंगलवार को व्यापार महासंघ के अध्यक्ष भगवान दास बंसल के नेतृत्व में शहर अध्यक्ष कुलदीप अरोडा, विनय अठावाल, दिनेश गोयल, रजत शर्मा, शिव चौधरी द्वारा अठावाल समाज के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सीए अतुल मित्तल का साफा, दुपटटा व माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत सम्मान किया गया।

### बैनर का किया विमोचन

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर जिला अठावाल पेंशनर सेवा समिति की रणजीत नगर ई ब्लॉक पार्क में डॉ अशोक अठावाल की अध्यक्षता व अठावाल महासभा के महामंत्री मुकेश सिघल की उपस्थिति में ब्लॉक मीट बैठक हुई। रामनवमी के अवसर पर होने वाली श्री राम जन्मोत्सव शोभा यात्रा में निकाली जा रही महाराजा अग्रसेन की सजीव झांकी में सभी अठावाल पेंशनर्स के सम्मिलित होने कि अपील की गई।

## संजना जाटव के समर्थन में सभा हुई

**भरतपुर** (निस)। कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी संजना जाटव के समर्थन में पूर्व कैबिनेट मंत्री विश्वेंद्र सिंह एवं राजस्थान कांग्रेस पार्टी के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश सुपा ने सरसेना (हलेना) में एक जनसभा को संबोधित किया।

अपने संबोधन में पूर्व केबिनेट मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने कहा कि भरतपुर के सर्वांगीण विकास के लिए कांग्रेस प्रत्याशी को जिताना आम आदमी के लिए अनिवार्य है। उन्होंने अपने संबोधन में यह भी कहा कि मेरे बारे में अर्नगल अफवाहें फैलाई जा रही है। जो की पूरी तरह भ्रामक, निराधार एवं असत्य हैं। मैं कांठोस प्रत्याशी संजना जाटव के पूरी तरह तन्मयता से साथ हूं। संजना मेरी बेटी की तरह है और मैं उनके लिए समर्थन मांगने पूरे लोकसभा क्षेत्र में घूम रहा हूं। राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कांठोस पार्टी की उपलब्धियां को गिनाते हुए कहा कि देश में सुरक्षा कायम करने, महंगाई, बेरोजगारी को कम करने, युवाओं को रोजगार दिलाने एवं किसानों के साथ न्याय करने के लिए कांग्रेस पार्टी ही सक्षम है। अध्यक्षता कर रहे जिला कांठोस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश सूपा ने भी भरतपुर के आम आदमी की मांग को संसद में पुरजोर तरीके से उठाने के लिए कांठोस प्रत्याशी को जिताने की अपील की। जिला संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि इससे पहले आज कामा विधानसभा के मीलखेड़ा, नोमानखेड़ा, पाली सहित एक दर्जन गांवों में पूर्व राज्य मंत्री जाहिदा खान ने कांठोस प्रत्याशी संजना जाटव के साथ रोड शो एवं नुवकड सभाओं को संबोधित किया।

## मॉर्निंग वॉक करने वालों को परिण्डे बांटे

**भरतपुर** (निस)। विश्व प्रिय शास्त्री पार्क में पीएनबी मंडल प्रमुख राजेन्द्र सिंह और पीएनबी प्रेरणा भरतपुर अध्यक्षा मनोज राठौर द्वारा मॉर्निंग वॉक करने वालों को परिण्डे बांटे गए और पार्क में विभिन्न स्थानों पर पेडों पर भी लटकाऐ। मंडल प्रमुख ने बताया कि भरतपुर जिले मे बैंक हर वर्ष परिण्डे वितरण का कार्य गर्मी के मौसम में करता है। बढते हुऐ तापमान के कारण पानी की जरुरत बढती जा रही है मनुष्य तो अपनी व्यवस्था कर लेता है लेकिन पक्षी तो मनुष्यपर ही आश्रित होते है जल ही जीवन है। मनीष बुलिया मुख्य प्रबंधक, उपेन्द्र कुमार श्रीवास्तव निदेशक आरसेटी, सचिन मोनूसहित सभी ने परिण्डे वितरण में सहयोग किया एवं पार्क में घूमने वालों ने पक्षियों हेतु इस कार्य के लिए बैंक की विशेष प्रशंसा की गयी।

## रैली निकाल मतदान का संदेश दिया




भरतपुर में मतदान जागरुकता के लिए रैली निकाली।

**भरतपुर ( निस )।** जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव के निर्देशन में लोक सभा चुनाव-2024 में मतदाताओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग राजस्थान के निर्देशानुसार जिले में चलाये जा रहे सतरंगी सप्ताह के अन्तर्गत मंगलवार को स्वीप गतिविधि 'महिला रंगोली एवं महिला मार्च' को अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर श्वेता यादव, संयुक्त निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मनोज शर्मा एवं जिला कोर्डिनेटर स्वीप ओमप्रकाश खूंटेला ने हरी झण्डी दिखाकर कलैक्टेट से रवाना किया। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने मतदान की महत्ता बताते हुए कहा कि लोकतन्त्र में एक-एक मत अमूल्य है सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे तो देश के लोकतन्त्र को मतबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि कोई भी मतदाता 19 अपै्रल को मतदान से वंचित नहीं रहे। उन्होंने बताया कि स्वीप अभियान का उद्देश्य आमजन को मतदान का महत्व बताते हुए मताधिकार के प्रति जागरूक करना है। यह रैली कलैक्टेट गेट से बिजली घर चौराहा होते हुये किला स्थित बिहारी जी मंदिर परिसर तक निकाली गई। जिला कोर्डिनेटर स्वीप ने कहा कि मतदान दिवस 19 अप्रैल, 2024 को महिलाओं द्वारा शत-प्रतिशत मतदान करने के उद्देश्य से इस रैली का आयोजन भरतपुर जिले में जिला मुख्यालय एवं ब्लॉक मुख्यालय पर किया गया।

## करौली में 33 हजार 299 नए युवा मतदाता पंजीकृत

**भरतपुर ।** महिला मतदाताओं में 13 हजार 547 मतदान करेंगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि यूथ चला बूथ सतरंगी सप्ताह के अंतिम दिवस में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत जिले के मतदाताओं एवं नवीन वोटर्स को जागरूक करने के लिए लाइव संवाद कार्यक्रम आयोजित किया ताकि युवा मतदाताओं के माध्यम से मतदान का संदेश जन-जन तक पहुंच सके। कॉलेज एवं स्कूली छात्रा-छात्राओं के साथ मतदाता लाइव संवाद कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों के साथ मतदान प्रक्रिया से संबंधित विषयों पर संवाद किया गया। उन्हें मतदान के महत्व के बारे में अवगत कराया गया। इसके साथ ही मतदान प्रक्रिया से संबंधित विद्यार्थियों के साथ प्रश्नोत्तरी कर उनकी शंकाओं का समाधान किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए बताया कि वे अनिवार्य रूप से मतदान करें एवं अपने परिवार तथा आसपास के लोगों को भी मतदान में भागीदारी सुनिश्चित करवाएं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने युवाओं से संवाद करते हुए स्वस्थ लोकतंत्र में मत का महत्व तथा प्रत्येक चुनाव में एक एक मत के महत्व की उपयोगिता के संदर्भ में संवाद किया। संवाद कार्यक्रम के दौरान निर्वाचन विभाग द्वारा मतदान संबंधी विभिन्न ऐप के डाउनलोड करने की प्रक्रिया की जानकारी दी और कई अन्य महत्वपूर्ण ऐप के बारे में जानकारी दी। उन्होंने युवा मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाकर शत-प्रतिशत मतदान का संदेश जिले के हर मतदाता तक पहुंचाने का संकल्प दिलाया। संवाद कार्यक्रम के दौरान सहायक नोडल स्वीप अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शीशराम यादव ने मतदान प्रक्रिया में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला।

## बूथ समिति की बैठक आयोजित

**भरतपुर** (निस)। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष मनोज भारद्वाज के मुख्य आतिथ्य में शक्ति केंद्र रारह पर भाजपा के बूथ समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें अध्यक्षता भाजपा के उपाध्यक्ष मोहन रारह के द्वारा की गई। बैठक में जिलाध्यक्ष मनोज भारद्वाज ने संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार के मिषन चार सौ के लक्ष्य को हम सबको प्राप्त करना है। इसके लिए प्रत्येक बूथ पर प्लस 370 के तहत प्रत्येक बूथ पर पूर्व में प्राप्त वोटों में 370 वोट भाजपा के पक्ष में जोडने है। जिलाध्यक्ष मनोज भारद्वाज ने गांवों को शहर से जोडने वाली ठााम सडक योजना महिलाओं के आंसुओं को पौछने वाली उज्ज्वला योजना एवं गरीब के घर को लेकर चलाई गई।

## श्री राम के बाल्य स्वरूप के दर्शन होंगा

**भरतपुर** (निस)। रामनवमी के अवसर पर श्रीराम लीला समिति के तत्वावधान में 17 अप्रेल बुधवार को दोपहर 2.30 बजे से लक्ष्मन मंदिर निकट स्थित मंदिर श्री राधारमण जी महाराज में श्री राम जन्मोत्सव बडे ही धूमधाम से मनाया जावेगा। महोत्सव में भगवान श्री राम के वाल्य स्वरूप के दर्शन एवं संक्षिप्त लीला का मनोरम मंचन होगा। श्री राम के उदान्त चरित्र पर आधारित विद्वानों के व्याख्यान, भजन, संकीर्तन होंगे। महोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए श्री राम लीला समिति एवं मंदिर श्री राधारमण जी महाराज की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। जिसमें कार्यक्रमों को भव्यतायुक्त मनाये जाने पर विचार विमर्श कर अंतिम रूप दिया गया। कार्यक्रम संयोजक विष्णु लोहिया को बनाया गया है। **महाआरती कार्यक्रम सम्पन्न :** लायंस क्लब (मेन) भरतपुर द्वारा आज अष्टमी के दिन, देवी माॅ की चुनरी मनोरथ यात्रा एवं महाआरती के साथ प्रसाद वितरण कार्यक्रम किया गया। क्लब प्रेसीडेंट लायन विनोद कुमार मंगल ने वताया कि इस कार्यक्रम में हनुमान मंदिर रंजीत नगर से काली माता मंदिर रंजीत नगर तक चुनरी मनोरथ यात्रा ढोल नगाडों के साथ धूमधाम से निकाली गई जिसमें भारी संख्या में महिलाओं ने भागीदारी की और पूरी यात्रा में देवी के भजनों के साथ कीर्तन चलता रहा।

## निर्वाचन तैयारियों पर कस ली कमर

**धौलपुर ( निस )।** लोकसभा आम चुनाव में मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं को सभी बुनियादी आवश्यकताएं एवं वहां निर्वाचन दायित्व में लगे मतदान दल को हर संभव सहूलियत प्रदान की जायेगी मतदाता एवं मतदान दल का कल्याण हमारी प्राथमिकताओं में से एक है, यह उद्गार जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी ने दिये। जिला निर्वाचन अधिकारी मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि मतदान केन्द्रों पर सभी व्यवस्था मुहैया करने हेतु सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं, प्रशासन निर्वाचन के अंतिम महत्वपूर्ण कार्य अर्थात मतदान हेतु कटिबद्ध ढंग से तैयार है। सभी मतदान केन्द्रों पर छाया पानी के पूरे इंतजामात रहेंगे। दिव्यांग मतदाताओं एवं निशक्त वरिष्ठ मतदाताओं के लिये व्हीलचेयर्स का प्रबंध किया गया है। दिव्यांग मतदाताओं को लाने ले जाने की भी चौकस व्यवस्थाएँ की गई हैं।

गर्मी के मौसम को देखते हुये मतदान केन्द्रों पर प्राथमिक चिकित्सा हेतु आवश्यक सामठाी भी उपलब्ध कराई जायेगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने वार्ता में मौजूद पत्रकारों से कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है, सभी पत्रकार आमजन को मतदान में भागीदारी करा लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभायें। प्रशासन ने भी अति सक्रिय और लक्षित ढंग से स्वीप गतिविधियाँ की हैं, और यह इस बार बढ़े हुए मतदान प्रतिशत के साथ प्रतिबिंबित होना चाहिए। पत्रकार प्रशासन के आंख और कान होते हैं, निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित किसी भी अहम सूचना को संज्ञान में लाये जिससे शान्ति और निष्पक्षता के साथ निर्वाचन की शुचिता को कायम रखते हुए मतदान की प्रक्रिया संपन्न हो। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ईपिक नहीं होने की स्थिति में वीएचए एप से इलैक्ट्रॉनिक एपिक कार्ड डाउनलोड किया जा सकता है एवं ईपिक न होने पर भी निर्वाचन विभाग द्वारा प्रत्येक मतदाता को अन्य 12 प्रकार के दस्तावेजों में से किसी एक का प्रयोग कर मतदान करने की सुविधा प्रदान की है। इनमें आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पेन कार्ड, बैंक अथवा डाकघर की फोटोयुक्त पासबुक, सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग द्वारा जारी दिव्यांग पहचान पत्र (यू.डी.आई.डी.), मनरेगा जॉब कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, भारतीय पासपोर्ट, सरकार अथवा सार्वजनिक उपक्रम द्वारा जारी पहचान पत्र, महापंजीयक जनगणना द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, सांसद एवं विधायक को जारी आई.डी. शामिल हैं। उन्होंने पत्रकारों की विभिन्न शंकाओं के बारे में उत्तिरत किया। इस मौके पर जिले के विभिन्न पत्रकार उपस्थित रहे।

## पुस्तक का विमोचन

**भरतपुर ( निस )।** समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता एवं इंडिया सीएसआर के संस्थापक रूसेन कुमार द्वारा भारत में सीएसआर के एक दशक का उत्सव विषय पर संयुक्त रूप से लिखी पुस्तक आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में जिम्मेदार व्यवसायों की भूमिका का विमोचन देश प्रमुख हस्तियों ने किया। यह विमोचन ओखला नई दिल्ली स्थित होटल क्राउन प्लाजा पर राष्ट्रीय स्तरीय सीएसआर समिट सम्मेलन-2024 में बिमटेक ठोटर नोएडा के पूर्व निदेशक डॉ.हरिवंश चतुर्वेदी, आईआईसीए के पूर्व डीजी डॉ.भास्कर चटर्जी, उत्तरप्रदेश के पूर्व डीजीपी व नोएडा अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति विक्रम सिंह, स्कूल ऑफ बिजनेस एनवायरनमेंट के सीईओ डॉ.रवि राज आत्रेय ने किया। वक्ताओं ने कहा कि लेखक सीताराम गुप्ता एवं रूसेन कुमार के द्वारा लिखी गई पुस्तक आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में व्यवसायों की भूमिका को समझने के लिए अति महत्वपूर्ण संसाधन है। यह नीति निर्माताओं, व्यवसायिक नेताओं, शिक्षाविद्वों और सभी के लिए उपयोगी है, जो भारत के भविष्य में रूचि रखते है। उन्होने ये पुस्तक भारत की आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने में व्यवसायों की भूमिका की पडताल करती है और साथ ही सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सतत् विकास के मेल पर जोर देती है। विशेष रूप से ठाामीण भारत में और व्यवसायों के लिए मॉडल प्रस्तावित करती है।

# साहित्यकार डॉ. रामकृष्ण शर्मा 'रंगयात्रा सम्मान' से सम्मानित

## कार्यक्रम संयोजक नरेंद्र निर्मल ने डॉ. शर्मा के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला




राजस्थान ब्रज भाषा अकादमी के पूर्व अध्यक्ष एवं वयोवृद्ध साहित्यकार पंडित रामकृष्ण शर्मा को सम्मानित किया।

**भरतपुर ( निस )।** राजस्थान ब्रज भाषा अकादमी के पूर्व अध्यक्ष एवं वयोवृद्ध साहित्यकार पंडित रामकृष्ण शर्मा को उनके आवास पर हुए भव्य समारोह में नेत्रपाल सारस्वत की अध्यक्षता में रंग-यात्रा-सम्मान-2024 से सम्मानित किया गया। ब्रजक्षेत्र की साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक क्षेत्र की प्रमुख संस्था जागृति कला संगम मथुरा के निदेशक एवं देश के प्रसिद्ध नाट्ययकर्मी रंगाचार्य पंडित लोकेन्द्रनाथ कौशिक की अगुवाई में मथुरा से पधारे कलाकार, साहित्यकार एवं रंगकर्मियों के दल ने रामकृष्ण शर्मा के आवास पर विक्रांत कौशिक द्वारा बजाई शंख ध्वनि के बीच रेणु उपाध्याय द्वारा किये गए मंगल टीके,दुबई से आए ज्योतिषाचार्य डॉ. सुशील कुमार चतुर्वेदी ने मंगल मंत्रोच्चार एवं पुष्टि सम्प्रदाय के भागवताचार्य पं. बसन्तलाल शास्त्री चतुर्वेदी के वेदमत्रों के वाचन से गुंजायमान कर कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।तत्पश्चात कार्यक्रम संयोजक नरेंद्र निर्मल ने डॉक्टर राम कृष्ण शर्मा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। प्रमुख समाजसेवी एवं सुख संचारक कंपनी निदेशक कुशलपाल शर्मा तथा सर्वोदय ब्राह्मण नेता नारायण प्रसाद शर्मा ने पुष्पहार से स्वागत किया। डॉ शर्मा के लोकेंद्र नाथ कौशिक द्वारा पग प्रक्षालन ने उपस्थित लोगों को भाव विभोर कर दिया। उन्हे सम्मान स्वरूप श्रीफल, छत्र,ब्रज की पगड़ी, अंग वस्त्र, खड़ाऊँ, प्रशस्ति पत्र, ताम्रपत्र, भगवान श्रीराम एवं श्रीकृष्ण की मोहक प्रतिमा, रंग कलश एवं इक्कीस सौ रुपये की नकदी प्रदान की गई। डॉक्टर शर्मा का मथुरा की जागृति फाउण्डेशन, बृज जागृति रंगमण्डल, लोक कला संस्थान भवन, गोवर्धन समाज ब्रज मण्डल, गौ संरक्षण केन्द्र, गोवर्धन नाथ सत्संग मण्डल, वृद्ध एवं विभिन्न आवास गृह समिति, संत पंडित गया प्रसाद महाराज स्मारक मण्डल आदि सामाजिक संस्थाओं ने नागरिक अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर शहर के प्रमुख साहित्यकारों में गीतकार अशोक धाकरे, श्यामसिंह जघीना मधुर, प्रोफेसर डॉक्टर अशोक गुप्ता, डॉक्टर रामदास शर्मा नेकराम नेक, गोविंद डागुर नगर से पधारे हरिश्चंद्र हरि, ओजकवि अभिषेक अमर, अशोक यज्ञ, रेणु उपाध्याय, दाऊ, डॉक्टर रामकृष्ण शर्मा की जीवनी संघर्ष से शिखर तक की लेखिका मीनू गेरा भसीन आदि ने कविताओं के माध्यम से डॉक्टर शर्मा के व्यक्तित्व को उजागर किया। कार्यक्रम से पूर्व गफ्फार खॉ, नत्थीलाल गोला एवं गुलसेरा ने ब्रज की नफीरी वादन की ब्रजशैली में तालबद्ध प्रस्तुति देकर उपस्थित जन समूह का मन मोह लिया। इस अवसर पर दैनिक समाचार पत्र ब्रज गरिमा के निदेशक विनोद चूड़ामणि, अशोक शर्मा जयजय गोकुलेश लोकेन्द्रनाथ कौशिक ने ताम्र पात्र प्रदान कर सम्मान पत्र का वाचन मधुर स्वर में किया।

इस अवसर पर रांझा के पखावज गायक भगवानदास अज्ञानी, विभा पाठक, आकाशवाणी मथुरा वृन्दावन के उद्घोषक अनुराग पाण्डे, मयूर कौशिक, दूरदर्शन व टी.वी. सीरियल कलाकार-सौरभ कौशिक, के अलावा परिवारीजन एवं समाज सेवी उपस्थित रहे।